मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.-सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

23, सैक्टर-7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल-100) लखनऊ-226010
website-www.sudaup.org
email-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः-2182/03/29/HFA-DPR/PMC/2018-19

दिनांकः- 19 जुलाई, 2018

समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0परि0अधि0
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः- **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में निर्मित किये जा रहे आवासों की गुणवत्ता के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि कतिपय जनपदों से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में आवासों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हो रही है। लाभार्थियों द्वारा जानकारी के अभाव में आवासों का निर्माण एन0बी0सी0 मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तायुक्त नहीं कराया जा रहा है, जो कि गाइड लाइन के अनुरूप नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा भी स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जा रहा है एवं न ही आवासों का निर्माण मानक के अनुरूप कराया जा रहा है। आपके द्वारा कार्य का अनुश्रवण भी ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है।

अतः उपरोक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक जनपद में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में आवासों का निर्माण एनबीसी मानक एवं गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। यदि भविष्य में कोई अन्यथा स्थिति उपरोक्त के संबंध में उत्पन्न होती है, तो डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स के साथ-साथ आप भी स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

प्रतिलिपिः-

1. समस्त परियोजना निदेशक, डूडा, उ0प्र0 को इस आशय के साथ उपरोक्त कार्यों का अपने स्तर से भी अनुश्रवण कर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
2. समस्त म्यूनिसिपल/सिविल इंजीनियर, सी0एल0टी0सी0, डूडा, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

DPR-PMC/92